गन्ना संस्थान कर्मियों ने किया योगाभ्यास

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, प्रशासनिक, तकनीकी एवं अन्य वर्ग के कर्मचारियों ने भी योगाभ्यास किया। योगाभ्यास सत्र में योग प्रशिक्षक कृष्ण दत्त मिश्रा, योगाचार्य, मधु पाण्डेय एवं राजू यादव, भारतीय आदर्श योग संस्थान, लखनऊ द्वारा लगभग 15 योगासनों का सजीव अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के समन्वयक अभिषेक श्रीवास्तव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने योग का महत्व एवं वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर योग की बढ़ती लोकप्रियता पर अपने विचार प्रस्तुत किये।इस दौरान संस्थान के निदेशक डा० आर विश्वनाथन ने बताया कि योग स्वस्थ शरीर एवं मन के लिए बहुत ही लाभदायक है साथ ही यह आज विश्व भर में एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। विश्व के अधिकांश देशों में योग अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करने में कामयाब हुआ है।

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में निदेशक डा . आर विश्वनाथन के संयोजन में लगा योग शिविर